उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक/Ref. No.: 1020/2021 दिनांक/Date : 06-10-2021

संवाद–165

विषयः–विज्ञापन संख्या–30 / UKSSSC / 2020, सहायक लेखाकार परीक्षा में की जा रही आपत्तियों के संबंध में।

प्रिय अभ्यर्थियों,

अवगत कराना है कि दिनांक 12 सितम्बर से 14 सितम्बर, 2021 के मध्य आयोजित सहायक लेखाकार पद की परीक्षा के सम्बंध में अभ्यर्थियों के 02 समूहों द्वारा अलग–अलग आपत्तियां / शिकायतें आयोग को प्रस्तुत की गयी है। इसके साथ ही इस परीक्षा को निरस्त कराने के लिए प्रदर्शन आदि भी किये जा रहे हैं।

एक समूह का यह कहना है कि प्रश्नपत्रों में हिन्दी अनुवाद में काफी गलतियां हुयी हैं, साथ ही यह भी कहा गया कि प्रश्नपत्र की कठिनता का स्तर अधिक था ऐसे में इस परीक्षा को निरस्त किया जाय।

दूसरें समूह द्वारा यह अनुरोध किया जा रहा है कि परीक्षा व प्रश्नपत्र में इतनी दिक्कतें नहीं थी कि उन्हें निरस्त किया जाय। राज्य सरकार की सेवा में चयन के अनुरूप प्रश्नपत्र का स्तर सही थी। ऐसे में परीक्षा निरस्त न की जाय।

इस विषय में सभी अभ्यर्थियों को अवगत कराना है कि परीक्षा निरस्त करने का विषय एक अत्यंत गम्भीर विषय है व मा0 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा विभिन्न मामलों में यह सिद्वान्त दिया गया है कि गड़बड़ी का स्तर अत्यंत व्यापक होने तथा गड़बड़ियों के सम्बंध में सुस्पष्ट जांच के बिना ऐसे निर्णय न लिये जाय।

इस मामले में अभ्यर्थियों द्वारा हिन्दी अनुवाद आदि आपत्तियों का परीक्षण विषय विशेषज्ञों की टीम द्वारा कराया जा रहा है व विशेषज्ञों की आख्या के उपरांत ही इस सम्बंध में स्थिति स्पष्ट होगी।

आयोग की ओर से,

6/10/21

(संतोष बडोनी)
सचिव।